प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 30.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 30.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उ0नि0 मो0 अकरम मय हमराह कां0 नितिन कुमार के नेतृत्व में टीम ने ग्राम धवार से माननीय परिवार न्यायालय महोबा के द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारंट के क्रम में मुकदमें से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रणधीर अहिरवार पुत्र रामकिशन अहिरवार उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम धवार थाना महोबकंठ जनपद महोबा सम्बन्धित केस नं0 56/24 धारा 128 द0प्र0सं0 थाना महोबकंठ को ग्राम धवार से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा वारंटी उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1. उ अकरम मो0 0नि0
2. कां नितिन कुमार 0

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

रणधीर अहिरवार पुत्र रामकिशन अहिरवार उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम धवार थाना महोबकंठ जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 30.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “दंड से न्याय की ओर — महोबा पुलिस द्वारा NCL जागरूकता अभियान 2.0 के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाए जा रहे नये आपराधिक कानूनों के प्रावधान”

01 जुलाई 2024 से सम्पूर्ण भारत में लागू नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) के संबंध में जनपद महोबा में नागरिकों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में 30 अक्टूबर से 01 नवम्बर 2025 तक 03 दिवसीय “NCL जागरूकता अभियान 2.0” संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा अधिक से अधिक जनभागीदारी के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण, अपराध में प्रौद्योगिकी व फॉरेंसिक के प्रयोग तथा पीड़ित केन्द्रित प्रावधानों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।

आज दिनांक 30.10.2025 को अभियान के प्रथम दिवस पर—

थाना कोतवाली नगर द्वारा वीरभूमि डिग्री कॉलेज महोबा में “दंड से न्याय की ओर” कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को BNS एवं BNSS की जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति व साइबर अपराध रोकथाम पर जागरूक किया गया।

थाना कबरई, खन्ना, चरखारी, खरेला, पनवाड़ी एवं अजनर पुलिस टीमों ने अपने-अपने थानाक्षेत्रों के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं व संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को नये कानूनों की जानकारी दी।

थाना श्रीनगर द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में बैनर/पोस्टर के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया गया तथा निबंध, लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने जय बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज में छात्रों को नवीन कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया।

थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने पं. दीनदयाल राजकीय इंटर कॉलेज में छात्रों को नये आपराधिक कानूनों की जानकारी दी।

अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर बैनर/पोस्टर/फ्लेक्सी लगाकर जनजागरूकता को व्यापक रूप दिया जा रहा है। इस 03 दिवसीय “NCL जागरूकता अभियान 2.0” का उद्देश्य नागरिकों को नये आपराधिक कानूनों से अवगत कराना एवं कानून के प्रति जागरूक समाज का निर्माण करना है।









## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 29.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 30.10.2025

मीडिया सेल, महोबा

## राष्ट्रीय एकता दिवस के दृष्टिगत पुलिस बैण्ड द्वारा जनपद के शहीद स्मारकों पर राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति...।










देश की अखण्डता एवं एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर (राष्ट्रीय एकता दिवस) के दृष्टिगत जनपद महोबा में दिनांक 21.10.2025 से 31.10.2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 30.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने हेतु जनपद के स्वतंत्रता संग्राम स्थलों एवं शहीद स्मारकों पर पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गयी।

पुलिस बैण्ड दल द्वारा क्रमशः

कारगिल शहीद श्री जगदीश प्रसाद यादव स्मारक (पचपहरा),

शहीद श्री राकेश चौरसिया स्मारक (कीरत सागर),

शहीद श्री दिनेश बुधौलिया स्मारक (पीडब्ल्यूडी) तथा

पुलिस लाइन स्थित प्रतीकात्मक शहीद स्मारक पर राष्ट्रभक्ति गीतों की मनमोहक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियाँ दी गयीं।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना तथा देश के शहीदों के अमर बलिदान को नमन करना रहा। “राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि देश की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा सर्वोपरि है। पुलिस बल सदैव इस संकल्प के साथ कार्य करता रहेगा कि राष्ट्रहित सर्वोच्च है।”